डेली न्यूज़ एक्टिविस्ट
4 लखनऊ, सोमवार, 30 जुलाई 2012
www.dailynewsactivist.com
लखनऊ

# ... तो गरीब छात्रों को बना दें ग्रेजुएट

लखनऊ (डीएनएन)। द इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट एकाउन्टेंट्स ऑफ इण्डिया (आईसीएआई) के नवनिर्वाचित नेशनल अध्यक्ष राकेश सिंह ने अरविंद सिंह गोप राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), ग्राम्य विकास से

- **आईसीएआई के अध्यक्ष मिले राज्यमंत्री से, गरीब छात्रों को शिक्षित करने के लिए मांगा सहयोग**

मिलकर उत्तर प्रदेश राज्य के ग्राम्य विकास में सीएमए की अहम भूमिका निभाने का अवसर देने के संदर्भ में प्रस्ताव रखा है। उन्होंने राज्यमंत्री से कहा कि हमारे कास्ट एंड मैनेजमेंट एकाउन्टेन्ट्स (सीएमए) भारत सरकार एवं विभिन्न प्रदेशों की सरकारों के विभाग में अपनी सेवा देकर सरकार के प्रदेश उत्थान एवं हर मद में लागत निर्धारण एवं नियंत्रण, इत्यादि के प्रभावशाली क्रियान्वयन में एक अहम भूमिका निभा रहे हैं। अगर इस क्षेत्र में प्रदेश सरकार का सहयोग मिले तो प्रदेश में कक्षा 10 से लेकर ग्रेजुएट तक के छात्र को प्रोफेशनल बनाया जा सकता है। कहा कि उन गरीब छात्रों को शिक्षित कर रोजगार दिया जा सकता है, जो कम पैसों के आभाव में आगे की शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते। इस दौरान सुनील सिंह, विकास श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।


राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरविंद सिंह गोप से मुलाकात करते आईसीएआई के अध्यक्ष राकेश सिंह